# झारखण्ड सरकार

# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

*विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834023.*

***विज्ञापन संख्या : जे0सी0ई0सी0ई0बी0/02*** ***दिनांक: 28/01/2014***

## <u>पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2014 के आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना</u>

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, झारखण्ड राज्य स्थित सरकारी (महिला सहित) एवं गैर–सरकारी पोलिटेकनिक संस्थानों में *अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम* के शैक्षणिक सत्र 2014–17 (प्रथम वर्ष) में प्रवेश हेतु वैसे योग्य अभ्यर्थी, जो भारत के नागरिक हैं एवं झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग का पत्रांक 5/विविध–9/2001 डोमिसाईल का0 2691/राँची, दिनांक 29.04.02) तथा निम्नानुसार योग्यता की अर्हत्ता पूरी करते हैं, से विहित आवेदन पत्र में आवेदन आमंत्रित करती है :–

**शैक्षणिक योग्यता** – माध्यमिक/10वीं/समकक्ष परीक्षा में कम से कम 35% अंकों के साथ उत्तीर्ण*

**आयु सीमा** – खनन अभियंत्रण शाखा के लिए न्यूनतम आयु दिनांक 01.07.2014 तक 17 वर्ष। अन्य किसी भी शाखा हेतु अधिकतम एवं न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

<u>**(*)** :– वर्ष 2014 में माध्यमिक/10वीं/समकक्ष परीक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु साक्षात्कार के समय तक उन्हें उत्तीर्णता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।</u>

***नोट*** *:– अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम की संस्थानवार/शाखावार/कोटिवार/कोटावार सीटों की विवरणी पर्षद के वेबसाईट <u>http://www.jceceboard.org</u> पर उपलब्ध है, जो गत शैक्षणिक सत्र 2013–16 पर आधारित है। सत्र 2014–17 हेतु अद्यतन सीटों की जानकारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, झारखण्ड सरकार से प्राप्त होने पर दी जाएगी।*

<u>2.</u> परीक्षा/पाठ्यक्रम/अर्हत्ताएँ/शर्त्तो संबंधी अन्य जानकारी हेतु मार्ग–निर्देशिका का अध्ययन अवश्य कर लें।

**<u>3.</u> पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2014 से संबंधित मुख्य तिथियाँ :–**

| क्रम सं0 | विवरणी | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | मार्ग–निर्देशिका–सह–आवेदन पत्रों की बिक्री | 05.02.2014 से 25.02.2014** तक |
| 2. | पर्षद कार्यालय में आवेदन पत्र पहुँचने की अंतिम तिथि | 28.02.2014** तक |
| 3. | प्रवेश–पत्र (*Admit Card*) भेजने की तिथि | 01.04.2014** |
| 4. | प्रवेश–पत्र (*Online Admit Card*) वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | 11.04.2014** |
| 5. | परीक्षा की तिथि | 14.04.2014** |
| ***:- | झारखण्ड सरकार या झा0सं0प्र0प्र0प0पर्षद यदि चाहे तो निर्धारित तिथियों में परिवर्त्तन कर सकती है। | |

**<u>4.</u> मार्ग निर्देशिका–सह–आवेदन पत्रों का दर :–**

| क्रम सं0 | कोटि | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य (*General*)/ पिछड़ी जाति – *I* (*BC – I*)/ पिछड़ी जाति – *II* (*BC – II*) | ₹ 490/–* |
| 2. | अनुसूचित जाति (*SC*)/ अनुसूचित जनजाति (*ST*) | ₹ 315/–* |
| *:- | ***किसी भी परिस्थिति में यह राशि वापस नहीं की जाएगी।*** | |

**5. मार्ग निर्देशिका–सह–आवेदन पत्रों की उपलब्धता** :– इसे भारतीय डाक विभाग की निम्न शाखाओं से प्राप्त किये जा सकते हैं :–

**राँची** – 1. जी.पी.ओ., राँची, 2. डोरण्डा मुख्य डाकघर, 3. धुर्वा उप–डाकघर, 4. राँची विश्वविद्यालय उप–डाकघर, 5. हेहल उप–डाकघर, 6. बुण्डू उप–डाकघर, 7. कांके उप–डाकघर, 8. मांडर उप–डाकघर, 9. नेवरी विकास विद्यालय उप–डाकघर, 10. सिल्ली उप–डाकघर, 11. खलारी उप–डाकघर

**पूर्वी सिंहभूम** – 1. जमशेदपुर मुख्य डाकघर, 2. आदित्यपुर मुख्य डाकघर, 3. साकची मुख्य डाकघर, 4. घाटशिला उप–डाकघर

**बोकारो** – 1. बोकारो स्टील सिटी मुख्य डाकघर, 2. चास उप–डाकघर, 3. बोकारो स्टील सिटी सेक्टर–9 उप–डाकघर

**धनबाद** – 1. धनबाद मुख्य डाकघर, 2. झरिया उप–डाकघर, 3. कतरासगढ़ उप–डाकघर, 4. आई0एस0एम0 उप–डाकघर, 5. गोविन्दपुर उप–डाकघर, 6. धनबाद बाजार उप–डाकघर, 7. निरसा चट्टी उप–डाकघर, 8. सिन्दरी उप डाकघर

**अन्य** – 1. लोहरदगा मुख्य डाकघर, 2. सिमडेगा मुख्य डाकघर, 3. गुमला मुख्य डाकघर, 4. पालकोट उप–डाकघर, 5. सरायकेला मुख्य डाकघर, 6. चांडिल उप–डाकघर, 7. लातेहार मुख्य डाकघर, 8. गढ़वा मुख्य डाकघर, 9. नगर उटारी उप–डाकघर, 10. डालटेनगंज मुख्य डाकघर, 11. डालटेनगंज कॉलेज उप–डाकघर, 12. चतरा मुख्य डाकघर, 13. हजारीबाग मुख्य डाकघर, 14. बरही उप डाकघर 15. झुमरीतिलैया मुख्य डाकघर, 16. गिरिडीह मुख्य डाकघर, 17. राजधनवार उप–डाकघर, 18. जामताड़ा मुख्य डाकघर, 19. देवघर मुख्य डाकघर, 20. मधुपुर डाकघर, 21. दुमका मुख्य डाकघर, 22. पाकुड़ मुख्य डाकघर, 23. साहेबगंज मुख्य डाकघर, 24. राजमहल उप–डाकघर, 25. गोड्डा मुख्य डाकघर, 26. खूँटी डाकघर, 27. तोरपा उप–डाकघर, 28. रामगढ़ उप–डाकघर, 29. छतरपुर उप–डाकघर, 30. जपला उप–डाकघर, 31. चाईबासा मुख्य डाकघर, 32. चक्रधरपुर डाकघर

**6.** भरे हुए आवेदन पत्र पर्षद कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के द्वारा ही भेजा जाय। **किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र हाथों–हाथ स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**7. परीक्षा का प्रकार** : प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (*Objective*) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में उपलब्ध रहेंगे।

**8. आरक्षण** : राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण के नियम लागू होंगे। विकलांगों के लिए आरक्षण, संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये सीटों के अनुरूप होगी।

ह0/–
**मृदुला सिन्हा,** भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : 60 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड/दिनांक : 28/01/**2014**

प्रतिलिपिः–

1. **विज्ञापन प्रबंधक,** हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स/प्रभात खबर, कोकर इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोकर, राँची को दिनांक ......./......./**2014** के दैनिक समाचार पत्रों में डी0ए0भी0पी0 दर पर छापने हेतु प्रेषित। विज्ञापन झारखण्ड के सभी संस्करणों में दी जाय।
2. **मुख्य डाक प्रबंधक,** डोरण्डा डाकघर, डोरण्डा, राँची/**अपर मुख्य सचिव,** विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, झारखण्ड सरकार/**लेखा शाखा,** झा0सं0प्र0प्र0प0पर्षद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28.1.14

**परीक्षा नियंत्रक**